>

Title: Need to conduct an inquiry into the delay in the construction of fly-overs at Badarpur on Delhi-Faridabad Border.

श्री अवतार सिंह भडाना (फ़रीदाबाद) : देश की राजधानी दिल्ली की सीमा से लगता हुआ फरीदाबाद शहर एशिया का सबसे बड़ा औद्योगिक केन्द्र है। रोज लाखों लोगों, कामगारों और व्यवसायियों का यहां से फरीदाबाद, आगरा हाईवे पर पड़ने के कारण यहां से भारी तादाद में अंतराÂष्ट्रीय टूरिस्टों की भी आवाजाही लगी रहती है। इसलिए आगरा राजमार्ग के दिल्ली-फरीदाबाद सीमा वाले भाग पर यातायात बहुत बढ़ गया है और हर रोज दो-दो घंटे लोगों को जाम में फंसकर कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। यातायात सुगम बनाने हेतु बदरपुर बार्डर पर फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव लम्बे समय से विचारधीन है। समाचार पत्रों में कई बार इसके निर्माण की घोषणा हो चुकी है। विलम्ब होने के कारण मैंने इस मुददे को सदन एवं मंत्री जी के समक्ष भी कइ बार रखा है, उसके बाद पुल निर्माण हेतु 300 करोड़ का टेण्डर भी हो चुका है लेकिन कान्ट्रेक्ट रिलीज नहीं किया जा रहा है। जब इस पुल को बनाने की प्रथम घोÂाणा हुई थी उस समय के घोषित सभी पुल बन चुके हैं या उनका काम पूरा होने की स्थिति में है। फरीदाबाद खंड की उपेक्षा के चलते या हरियाणा के अन्य जिलों में पलायन कर रहे हैं। इससे फरीदाबाद में बेतहाशा बेरोजगारी बढ़ रही है।

अतः मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि 300 करोड़ का टेण्डर होने के बाद कान्ट्रेक्ट रिलीज न किये जाने और पुल का निर्माण लंबित किये जाने की जांच कराई जाये और पूर्ण तथ्यों की जानकारी प्रदान की जाये।